# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025




खेल दिवस

# नौ साल की उम्र में सड़क हादसे से कटा दायां हाथ ऐसा हौसला कि 5 सालों में जीत लिए 23 मैडल

विकास चौबे ▸▸| बिलासपुर

9 साल की उम्र में एक सड़क घटना के बाद दायां हाथ काटना पड़ा। इसके बाद तो लगा जैसे की जिंदगी थम गई और अब कुछ बचा ही नहीं है। हौसला लेकिन बोल रहा था कि अभी तो कुछ कर गुजरने की बारी है। इसी जिद, जुनून और हौसले ने व्हीलचेयर तलवारबाजी की खिलाड़ी स्वाति साहू को पिछले 5 सालों में 23 नेशनल मैडल पदक जीतने में मदद की। यही नहीं अभाव से लड़कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुकाम बनाने वाली स्वाति साहू को मुख्यमंत्री खेल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है और अब इस साल के राज्य सरकार द्वारा दिए जाने ▸▸| शेष पेज 5 पर

### हैदराबाद के साई एकेडमी के लिए चयनित

स्वाति ने लेकिन हार नहीं मानी। माता सरस्वती साहू और पिता रामखिलावन साहू ने हिम्मत दिया तो स्वाति ने भी कुछ कर गुजरने की ठान ली। सबसे पहले उसने ताइक्वांडो और कराते खेलना शुरू किया। दोनों खेलों में स्वाति ने निशक्त नहीं बल्कि सामान्य वर्ग के खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता की और कई मैच जीते। राज्य ▸▸| शेष पेज 5 पर

- नि:शक्त खिलाड़ी स्वाति को मुख्यमंत्री खेल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है
- इस साल के शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान के लिए भी इस खिलाड़ी का नाम नामांकित हुआ है



हादसे के बाद भी लक्ष्य पर डटी रही स्वाति

### कर्ज और लोन लेकर कराया इलाज

*अक्टूबर 2016 में जब स्वाति का एक्सीडेंट हुआ और हाथ काटना पड़ा, उस दौरान उसके इलाज में लगभग 5 लाख का खर्चा आया था। गरीब मां-बाप के लिए इतना पैसा एक साथ जमा करना काफी मुश्किल था। बेटी का जीवन बचाने के लिए लेकिन अभिभवाकों ने पड़ोसियों और पहचान के लोगों से कर्जा लिया। इसके साथ ही एक निजी बैंक से लोन भी लिया गया। कुछ खिलाड़ियों ने भी सहयोग किया और करीब 2 महीने के इलाज के बाद स्वाति सकुशल घर लौट सकी।*

### स्कूल ने नहीं दिया साथ प्राइवेट परीक्षा देगी

सबसे विडंबना वाली बात यह रही कि स्वाति ने अपने खेल के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया लेकिन बेहतराई शासकीय स्कूल ने उसका साथ नहीं निभाया। दरअसल लगातार खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के कारण स्वाति नियमित कक्षाएं अटेंड नहीं कर पा रही थी तो स्कूल ने उसे टीसी थमा कर निकाल दिया। स्कूल का कहना था कि नियमित के तौर ▸▸| शेष पेज 5 पर


आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹74877/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹91450/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹99826/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand jewels

Pandri, Raipur


ऐसा है आंकलन...दंतेवाड़ा 1070, सुकमा 900, बीजापुर 400 एवं बस्तर में 300 हेक्टेयर क्षेत्र में नुकसान

# बस्तर की बाढ़ से पुल-पुलिये, मकान ही नहीं फसल भी तबाह, 5000 हेक्टेयर में भरा पानी



*बस्तर में बारिश ने 94 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। हफ्तेभर में चार जिलों में पानी ने जमकर कहर बरपाया है। मकान, पुल-पुलिये ही नहीं डूबे हैं, बल्कि 5000 हेक्टेयर की फसल भी तबाह हो चुकी है। यह इलाका जलमग्न हो चुका है। बस्तर संभाग के चार जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और बस्तर की प्रारंभिक पड़ताल में यह आंकड़ा सामने आया है। सर्वेक्षण पूरा होते ही वास्तविक डाटा से सही स्थिति सामने आएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा समेत दक्षिणी इलाकों में बाढ़ से तबाही का मंजर स्पष्ट नजर आ रहा है। सैकड़ों मकान ध्वस्त हो चुके हैं। राहत शिविरों में 3000 से ज्यादा लोगों को रुकवाया गया है। इलाके में ऐसी बारिश 94 साल पहले हुई थी। बारिश अभी थमी है, पर नदी-नालों का ऊफान खतरनाक संकेत दे रहे हैं। फसलों की बात करें तो सर्वेक्षण किया जा रहा है।

कृषि विभाग के संयुक्त संचालक महादेव ध्रुव ने संभाग के सभी जिला के कृषि अधिकारियों को नुकसान का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार बस्तर संभाग में लाभग 5000 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र में धान फसल को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि अधिकांश जिलों में सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खेतों में बाढ़ का पानी नहीं उतरा है। केवल दंतेवाड़ा ▸▸| शेष पेज 5 पर



### गरुड़ कमांडो ने बचाई 22 जिंदगी



### सर्वेक्षण पूरा होने के बाद वास्तविक स्थिति मिल पाएगी

*बस्तर में भारी बारिश और बाढ़ के बाद संभाग के सभी सातों जिलों में फसल नुकसान का सर्वेक्षण कार्य के निर्देश दिए गए है। केवल दंतेवाड़ा से मिले नुकसान के आंकड़े आए हैं। यहां 1070 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल नुकसान का अनुमान है। सभी जिलों से डाटा मिलने के बाद वास्तविक स्थिति का पता चल पाएगा।*

*महादेव ध्रुव, संयुक्त संचालक कृषि विभाग जगदलपुर*

## बेघर पहुंचे शिविरों में कुछ मार्ग खुले, पर नदी नाले अब भी डरा रहे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा/बीजापुर

दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले में बारिश ने कहर बरपाया। लगातार हुई बारिश से जहां पुल-पुलिया बह गए। वहीं कच्चे मकान धराशायी होकर जमींदोज हो गए। विदेश से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के बाद तीनों जिलों के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप राहत पहुंचाने और नुकसान का आंकलन करने मौके पर पहुंचे। वहीं दंतेवाड़ा विधायक ▸▸| शेष पेज 5 पर

### बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद करें : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार तक हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की पीड़ा को शीघ्र कम करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के कलेक्टरों व वरिष्ठ अधिकारियों ▸▸| शेष पेज 5 पर


Muthoot Finance

गोल्ड लोन

तुरंत गोल्ड लोन

7-स्तरीय सुरक्षा

आकर्षक ब्याज दर

ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

1800 313 1212


## खबर संक्षेप

### रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 को समाप्त होने वाला था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार के कार्यकाल को एक सितंबर 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्ति पर, मौजूदा नियम और शर्तों पर या अगले आदेश तक विस्तार देने को मंजूरी दे दी है।

### दो करोड़ की हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले की मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 120 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपए बताई जाती है। इसे वह राजस्थान से लेकर यहां पहुंचा था। उसके हाथ लगी हेरोइन की आपूर्ति गाजीपुर जिले के जमनिया में की जानी थी। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। टीम वहां पहुंची तो मानसरोवर पोखरे के पास एक व्यक्ति झोला लिए हुए खड़ा दिखा।

### आग से ओल्ड लंदन हाउस राख, बुजुर्ग की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में डेढ़ सौ साल से ज्यादा पुराने 'ओल्ड लंदन हाउस' में भीषण आग लगने के कारण झुलसकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। घटना में जान गंवाने वाली महिला प्रसिद्ध इतिहासकार और पर्यावरणविद डॉ. अजय रावत की बहन थीं। इस इमारत में बुधवार रात आग लग गयी जिस पर अग्निशमन सेवा, पुलिस, वायुसेना फायर टेंडर एवं अन्य बचाव दलों की मदद से कई घंटे बाद रात करीब दो बजे काबू पाया जा सका।



## प्राइवेट ब्रेवरेज को शराब आपूर्ति में 114 करोड़ का मुनाफा, सिंडीकेट में बांटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर





झारखंड में शराब घोटाला के आरोप में रांची जेल में बंद ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के डायरेक्टर अतुल सिंह तथा मुकेश मनचंदा को जमानत मिलने के बाद ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को एसीबी, ईओडब्लू की टीम गुरुवार देर रात या शुक्रवार सुबह रायपुर लेकर पहुंचेगी। रायपुर आने के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने ईओडब्लू, एसीबी की टीम पुलिस रिमांड के लिए आवेदन पेश कर सकती है। राज्य में शराब आपूर्ति करने तीन कंपनियों को एफएल 10-ए का लाइसेंस मिला था। उनमें ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के साथ नेक्सजेन पॉवर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा दिशीता वेंचर्स के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन के दोनों डायरेक्टर ने राजनीतिक प्रेरित व्यक्ति विजय कुमार भाटिया को हिडन लाभार्थी बनाया था। कंपनी के लाभ का 60% हिस्सा शराब घोटाला सिंडिकेट से जुड़े लोगों को देने के बाद 40% हिस्से में 52% विजय भाटिया को जाता था। विजय भाटिया ने अपने लोगों को कंपनी में डमी डायरेक्टर बनाया और ▸▸| शेष पेज 5 पर

- डायरेक्टर समेत दो झारखंड में गिरफ्तार, आज रायपुर लाए जाएंगे दोनों

### ओम साईं को 784 करोड़ का भुगतान

एफएल 10-ए का लाइसेंस हालिस कर शराब आपूर्ति करने वाली कंपनी ओम साईं ब्रेवरेज कार्पोरेशन को सीएसएमसीएल द्वारा शराब खरीदने 784 करोड़ 51 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया। इनके द्वारा शराब विनिर्माता कंपनियों को शराब खरीदने के एवज में 556 करोड़ 31 लाख 76 हजार रुपए का भुगतान किया गया। इस तरह ओम साईं ब्रेवरेज को 114 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा हुआ।

केरल में वीडियो कॉल के माध्यम से वारदात

## दंपति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर 2.4 करोड़ की ठगी

**कासरगोड।** केरल में कासरगोड जिले के कान्हागड में 11 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखे जाने के बाद साइबर धोखेबाजों ने एक बुजुर्ग दंपति से 2.4 करोड़ रुपये की ठगी की। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 'डिजिटल अरेस्ट' में साइबर अपराधी फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर ▸▸| शेष पेज 5 पर



### चार लेन-देन में दिए 2.4 करोड़


उन्होंने कहा कि 19 से 21 अगस्त के बीच, दंपति ने निर्देशानुसार चार लेन-देन में 2.4 करोड़ रुपए हस्तांतरित कर दिए। कासरगोड साइबर पुलिस ने 22 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 316(4) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(डी) के तहत मामला दर्ज किया।

500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मिली सफलता

## बीमार होने पर भगवान से नाराज युवक ने एक के बाद एक 20 मंदिरों में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिले में एक ऐसा चोर पुलिस की गिरफ्त में आया है, जो भगवान से नाराजगी निकालने के लिए उन्हीं के घर (मंदिर) को टारगेट करके चोरी करता था। चोर को एचआईवी एड्स नामक संक्रमण है। इसके लिए वो भगवान को जिम्मेदार मानता था और प्रतिशोध लेने के लिए मंदिरों में चोरी करता था। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि जिले में पिछले कुछ महीनों से लगातार मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसके लिए एसीसीयू और अलग-अलग थानों की पुलिस को मिलाकर एक टीम बनाई। टीम ने चोर को पकड़ने के लिए लगभग 500 से ▸▸| शेष पेज 5 पर



### कहा, गलत काम नहीं किया फिर उसे ये बीमारी क्यों

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने जीवन में कभी भी गलत कार्य नहीं किया। इसके बाद भी उसे एड्स जैसी लाइलाज बीमारी हुई। इसके लिए वो भगवान से काफी नाराज था। 2011-12 में वो मारपीट के एक मामले में जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात एक चोर से हुई। उसने कहा कि भगवान से बदला लेना है ▸▸| शेष पेज 5 पर

नो पार्किंग एरिया की निगरानी करने लगाए जाएंगे कैमरे

## 26 ब्लैक स्पॉट, 243 हादसे, 258 की मौत, अब तीसरी आंख से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

जिले के 26 ब्लैक स्पॉट जहां सबसे ज्यादा एक्सीडेंट होते हैं, उन जगहों की निगरानी करने 80 पाइंट्स की निगरानी अब आईटीएमएस के तहत सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। चिन्हांकित स्थानों पर जो कैमरे लगाए जाएंगे, उनमें स्पीड गवर्नर कैमरे के साथ नो पार्किंग एरिया को कैमरे से लैस किया जाएगा। इससे तय लिमिट से ज्यादा रफ्तार में वाहन चलाने वालों के साथ नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कैमरे से मिले फूटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिन 26 स्थानों पर कैमरे लगाए जाने हैं, उनमें 23 ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकोग्नाइजेशन (एएनपीआर), 7 स्पीड वायलेंस, 9 रांग साइड तथा 41 नो पार्किंग स्थान पर कैमरे लगाए जाएंगे। ब्लैक स्पॉट में जो कैमरे ▸▸| शेष पेज 5 पर



### जल्द लगाए जाएंगे कैमरे

ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने सोमवार को परिवहन सचिव के साथ बैठक हुई है। बैठक में ब्लैक स्पॉट पर जगह चिन्हांकित कर कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया है। चिन्हांकित जगहों पर जल्द ही कैमरे लगाए जाएंगे।

- डॉ. प्रशांत शुक्ला, एएसपी ट्रैफिक

### ऑनलाइन कटेगा चालान

जिन ब्लैक स्पॉट पर कैमरे लगाए जा रहे हैं, वो सभी कैमरे आईटीएमएस के सर्वर से जुड़े होंगे। ब्लैक स्पॉट में लगे कैमरे की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। कैमरा से मिले फूटेज के आधार पर ट्रैफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन के मालिक के पास ऑनलाइन चालान काटकर भेजेगी। इससे ब्लैक स्पॉट में ट्रैफिक नियम के उल्लंघन के साथ एक्सीडेंट पर अंकुश लगने का दावा ट्रैफिक पुलिस के अफसर कर रहे हैं।

### तीन साल में ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत

पिछले तीन वर्षों में 2022 से 2024 में इन ब्लैक स्पॉट पर 243 एक्सीडेंट हुए हैं। एक्सीडेंट में मरने वालों का आंकड़ा 258 है। एक्सीडेंट का कारण रांग साइड वाहन चलाने के साथ नो पार्किंग में वाहन पार्क करना है। बल की कमी की वजह से इन ब्लैक स्पॉट पर मैनुअली पेट्रोलिंग नहीं हो पाती। इस वजह से इन स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने कैमरे से नजर रखी जाएगी।

# गरियाबंद में जहरीले सांपों की शोभायात्रा, ऋषि पंचमी पर में देवरी गांव में अनोखी परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अलग खबर

जिले के देवरी गांव में ऋषि पंचमी पर सांपों की शोभायात्रा सांकरा समाज ने निकाली। सांपों के पूजन के बाद जंगल में छोड़ा गया। शोभायात्रा को देखने के लिए आसपास के हजारों लोग पहुंचे।

आमतौर पर सांप का नाम सुनते ही लोग डर के मारे सहम जाते हैं, लेकिन यहां ग्रामीण जहरीले सांपों को न सिर्फ सुरक्षित पकड़ते हैं, बल्कि उनका पूजन-अर्चन कर गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव में शोभायात्रा भी निकालते हैं। हर साल की तरह इस बार भी सांवरा समाज ने यह अनोखी परंपरा निभाई। खेत-खलिहानों और घरों में दिखने वाले जहरीले सांपों को ग्रामीण पहले सावधानीपूर्वक पकड़ते हैं, फिर ऋषि पंचमी के दिन पूरे विधि-विधान से पूजा कर उन्हें सजाकर जुलूस में निकालते हैं। खास बात यह है कि शोभायात्रा के दौरान हजारों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन कभी किसी अनहोनी की घटना नहीं घटी। पूजन के बाद सभी सांपों को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा सांपों के प्रति आस्था के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण का भी संदेश देती है। यही वजह है कि वर्षों से यह अद्भुत आयोजन बिना किसी बाधा के चलता आ रहा है और देखने वालों को रोमांचित कर देता है। लोगों का मानना है कि इस परंपरा के पीछे श्रद्धा और आस्था के साथ ही सांपों को संरक्षण देने का संदेश भी छिपा है।

## आसपास के हजारों लोग पहुंचे, पूजन-अर्चन के बाद जंगल में छोड़ा

### सांपों को पकड़ना सिखाया जाता है

गांव में सांवरा गुरु पाठशाला इस परंपरा का मुख्य केंद्र है। यहां युवाओं को सांपों को सुरक्षित तरीके से पकड़ना और उनका संरक्षण करना सिखाया जाता है।



### सर्पदंश की एक भी घटना नहीं हुई

ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। गांव-गांव से पहुंचे लोग पूजा-अर्चना करने के साथ ही शोभायात्रा का स्वागत करते हैं। खास बात यह है कि अब तक इस आयोजन के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ सर्पदंश की अनहोनी घटना नहीं घटी है।

## खबर संक्षेप

### पोलिंग बूथ व्यवस्था में होगा बदलाव

रायपुर। आगामी चुनाव के पहले निर्वाचन आयोग पोलिंग बूथों की व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ में अभी तक प्रत्येक पोलिंग बूथ में अधिकतम वोटरों की संख्या 1500 निर्धारित है। इस तरह एक बूथ पर 1500 वोटर ही वोट करते हैं, लेकिन इस व्यवस्था में अब बदलाव किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत एक बूथ में अधिकतम 1200 वोटर ही वोट कर पाएंगे। यह नई व्यवस्था वोटरों को सुविधा देने एवं वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस नई व्यवस्था से बूथों में वोटरों की लगने वाली भीड़ में कमी आएगी, वहीं वे आसानी से वोट भी कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रायपुर जिले में वोटरों की कुल संख्या 19 लाख से अधिक है। इन वोटरों के लिए जिलेभर में पिछले बार हुए विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान 18 सौ से अधिक पोलिंग बूथ बनाए गए थे। वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में कुल 1869 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। इनमें प्रत्येक बूथ में वोटरों की संख्या 15 सौ निर्धारित थी। एक वोटर भी बढ़ता है। तो अतिरिक्त बूथ बनाने के निर्देश थे। इन नियमों के तहत ही जिले में पोलिंग बूथ बनाए गए थे।

### छत्तीसगढ़ स्थापना की 25वीं वर्षगांठ, 6 दिनों का होगा राज्योत्सव

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का कार्यक्रम 6 दिनों का होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के भी आने की संभावना है। नवा रायपुर में तैयार हो रहे नए विधानसभा भवन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। एक नवंबर को राज्योत्सव के दिन विधानसभा भवन का मोदी के हाथों लोकार्पण प्रस्तावित है। नए विधानसभा भवन का निर्माण पूर्णता की ओर है। आंतरिक साज सज्जा के साथ अन्य कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। विधानसभा में सदन के लिए कुर्सियों लगाने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा की कार्यवाही को पेपर लेस करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। हर टेबल पर संचार की सुविधाओं के साथ हर विधायक की टेबल पर स्क्रीन के माध्यम से पूरी सूचनाएं दिए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

आधा दर्जन से ज्यादा निगम, मंडल, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की बची है नियुक्ति

# 31 को आएंगे नितिन नवीन, निगम, मंडल आयोग में बचे पदों पर नियुक्ति की आस जागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 31 अगस्त को यहां पर प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक लेने के लिए आ रहे हैं। इसी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी आएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के आगमन को लेकर भाजपा के वे नेता उत्साहित हैं, जिनको निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों पर नियुक्ति का इंतजार है। इन नेताओं की आस जाग गई है। संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश प्रवास से लौटने के बाद नियुक्तियां होंगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की कार्यकारिणी का तो ऐलान हो गया है, लेकिन अभी कार्यसमिति के सदस्य तय नहीं हुए हैं। इनका भी तय किया जाना बचा है। मंत्रिमंडल का विस्तार भी हो गया है। अब सबकी नजरें निगम, मंडल, आयोग में बची नियुक्तियों पर है। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में दो अप्रैल में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्ति किया, उनमें से आधा दर्जन के पदों में पेंच फंसा था। इसमें से चार पदों का पेंच सुलझाने के लिए एक संशोधित दूसरी सूची जारी करके तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष को दूसरे पदों पर नियुक्त किया गया। केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष को छोड़कर बाकी सबने पदभार भी संभाल लिया है।

अब जिन नेताओं को पद नहीं मिल सके हैं, उनको भी निगम, मंडल, आयोग में कुर्सी पाने के लिए ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ेगा। संभावना है कि इसकी सूची जल्द जारी होगी।

### मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार

प्रदेश भाजपा ने जिन 34 निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में 36 नेताओं की नियुक्ति दो अप्रैल को की है, उनमें तीन उपाध्यक्ष और बाकी अध्यक्ष हैं। एक उपाध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास ने तो पद लेने से इनकार कर दिया है। जो विभिन्न निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में 33 नेताओं की अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई है, उनको अभी राज्य या कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का 31 अगस्त को रायपुर आगमन हो रहा है। ऐसे में संभावना है निगम, मंडल, आयोग में बचीन नियुक्तियों पर अंतिम फैसला हो सकता है।

# निगम, मंडल, आयोग में नियुक्त अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश सरकार द्वारा 2 अप्रैल को प्रदेश के 34 निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में 36 पदों पर नियुक्ति की गई थी। इसमें से जहां 33 को अध्यक्ष का पद मिला, वहीं तीन को उपाध्यक्ष बनाया गया। एक उपाध्यक्ष गौरी शंकर श्रीवास ने पद लेने से इनकार कर दिया। जो 33 अध्यक्ष बने हैं, उनको पांच माह से मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार है। मंत्री का दर्जा मिलने से इनको कई सुविधाएं मिल जाएंगी। इधर निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों पर भी नियुक्ति का इंतजार है। कुल मिलाकर अभी करीब तीन दर्जन पदों पर नियुक्ति होनी है। संभावना है कि अगले माह प्रदेश सरकार एक और सूची जारी कर सकती है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्तियां अप्रैल में की। इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा गया था, ऐसे में इनका पदभार संभालना मुश्किल हो गया तो अततः प्रदेश सरकार ने इनको दूसरे निगम, मंडल में कुर्सी देने का काम किया है। इसके बाद एक केश शिल्पी बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन को छोड़कर सभी ने पदभार भी संभाल लिया है। अब जिन अध्यक्षों ने पदभार संभाला है उनको राज्य या कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने का इंतजार है। ऐसा होने से कार्यक्रमों में उनको प्रोटोकाल का भी फायदा मिलेगा।

**इनमें नियुक्ति अभी बाकी**

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है।

# केंद्र ने खोला राज छत्तीसगढ़ में सवा तीन लाख संदिग्ध राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारत सरकार के पोर्टल से इस बात का खुलासा हुआ है कि छत्तीसगढ़ में करीब सवा तीन लाख राशन कार्ड संदिग्ध हैं। राज्य सरकार के डाटाबेस के मुताबिक यह संख्या इससे भी अधिक है। यही नहीं, प्रदेश में हजारों राशनकार्ड धारी ऐसे भी हैं, जिन्होंने छह महीने से लेकर सालभर तक राशन ही नहीं उठाया है। ये तथ्य सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में संदिग्ध राशन कार्डों की हर जिले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। अब तक 38 हजार से अधिक कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। राज्य में फर्जी राशन कार्ड के जरिए राशन की अफरा-तफरी के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। ये प्रक्रिया बरसों बरस से जारी है, लेकिन अब पीडीएस की प्रक्रिया ऑनलाइन होने और केंद्र सरकार के पोर्टल पर डाटाबेस अपटेड होने से यह गड़बड़ी खुलकर सामने आ रही है।

### केंद्र के पोर्टल से खुलासा

इस पूरे मामले में खास बात ये है कि राज्य में संदिग्ध राशन कार्डों का खुलासा केंद्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से सामने आया है। पोर्टल पर राइटफुल टारगेटिंग सस्पेक्ट बेनेफिशरीज पर संदिग्ध राशन कार्डों की संख्या 3 लाख 22 हजार 668 प्रदर्शित हो रही है। यह जानकारी सामने आने के बाद राज्य सरकार के डाटाबेस के माध्यम से जानकारी लिए जाने पर पता लगा कि यह संख्या 3 लाख 27 हजार 645 है। इस पूरे मामले में अब ये साफ हो गया है कि किन कारणों से लाखों राशन कार्डों को संदिग्ध माना गया है। इनमें डुप्लीकेट आधार संख्या इंटर स्टेट 86 हजार 200, और इंट्रा स्टेट के 32 सौ 58 है।

# एंबुलेंस नहीं मिलने पर कैंसर पीड़िता की मौत, परिवार को मिलेगा 3 लाख का मुआवजा

**बिलासपुर**। रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला को एंबुलेंस नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने 3 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है, इसमें 1 लाख रुपए रेलवे और 2 लाख रुपए राज्य शासन को देना है। आदेश देने के साथ ही कोर्ट ने याचिका निराकृत कर दी। गुरुवार को रेलवे की ओर से एक लाख रुपए की राशि जमा कर दी गई। बुढ़ार एमपी निवासी 62 वर्षीय कैंसर पीड़ित महिला 18 मार्च 2025 को अपने परिजनों के साथ ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में रायपुर से बिलासपुर आ रही थी। उसे बिलासपुर में ट्रेन बदल कर बुढ़ार जाना था। इसी बीच उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर इसकी जानकारी महिला के परिजन ने रेल कर्मचारियों को दी। महिला यात्री की स्थिति खराब होने की सूचना पर जनरल कोच में स्ट्रेचर भेजा गया। यहां कुलियों ने स्ट्रेचर में रख कर महिला को गेट के बाहर लाकर छोड़ दिया। एक घंटे बाद एम्बुलेंस आई और मरीज की मौत हो जाने पर उसने ले जाने से इंकार कर दिया। बाद में परिजन दूसरे वाहन की व्यवस्था कर उसे ले गए।

### मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी सुविधाएं नहीं

चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने पिछली सुनवाई के दौरान व्यवस्था सुधार के लिए क्या किया जा रहा है। पूरी जानकारी प्रस्तुत करने कहा था। यह बताने भी कहा कि इमरजेंसी में एंबुलेंस सुविधा आखिर उपलब्ध क्यों नहीं हो पाती। राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कोर्ट ने राज्य शासन और रेलवे को शपथपत्र देने कहा था। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि रेलवे की ओर से स्टाफ भेजा गया था, पर वहां कोई नहीं मिला। वहीं राज्य शासन की ओर से भी एंबुलेस सुविधा के संबन्ध में जानकारी दी गई।






पहली परीक्षा फरवरी में, दूसरी वैकल्पिक परीक्षा होगी मई में

# बोर्ड परीक्षाओं में फार्म भरने जरूरी होगा अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रों की सूची (एलओसी) जमा करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ये बदलाव 10वीं कक्षा के लिए दो बोर्ड परीक्षा, अपार आईडी और एलओसी जमा करने से संबंधित हैं। बोर्ड परीक्षाओं के लिए योग्य छात्रों का पंजीकरण करने के लिए स्कूलों के लिए एलओसी एक अनिवार्य प्रक्रिया है। केवल उन्हीं छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी, जिनके नाम ऑनलाइन एलओसी पोर्टल के माध्यम से जमा किए जाएंगे।

■ जिन छात्रों के ऑनलाइन फॉर्म, केवल उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति



सीबीएसई शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से कक्षा 10 के लिए दो-बोर्ड परीक्षा नीति लागू करने वाला है। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है और इसका उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना और छात्रों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है। पहली बोर्ड परीक्षा फरवरी 2026 के मध्य में होनी है और सुधार के लिए दूसरी, वैकल्पिक परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी। छात्र प्रत्येक विषय में बेहतर अंक बनाए रखने का विकल्प चुन सकते हैं। कक्षा 10 के सभी छात्रों को पहली परीक्षा के लिए एलओसी जमा करनी होगी। बोर्ड ने कहा है कि स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (अपार) आईडी को एलओसी से अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा। स्कूल केवल उन्हीं छात्रों के लिए एलओसी भर सकते हैं, जिनके पास अपार आईडी है। गौरतलब है कि अपार आईडी देशभर के छात्रों के लिए एक विशिष्ट 12-अंकीय डिजिटल पहचान है, जिसे उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को समेकित करने के लिए डिजाइन किया गया है। बिना विलंब शुल्क के जमा करने की समय सीमा अक्टूबर 2025 है। निजी उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अक्टूबर 2025 में शुरू होगी। परीक्षा शुल्क संबंधित जानकारी भी साझा कर दी गई है। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाम, विषय और अन्य विवरण सहित सभी जानकारी सही ढंग से दर्ज की गई हो, क्योंकि आमतौर पर जमा करने के बाद सुधार का कोई विकल्प नहीं होता है। सीबीएसई ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शामिल करने के लिए विशिष्ट परिपत्र और एक समर्पित पोर्टल भी जारी किया है।

बिलासपुर
शुक्रवार, 29 अगस्त 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 156
पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5.00***

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 31.5
न्यून. 23.4

# 96 साल बाद अंततः रायपुर में खुला सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर की अधीनता समाप्त

## उद्योग भवन स्थित टॉवर में होगा संचालित, अब तक भुवनेश्वर के अधीन था रायपुर जोन

खास खबर

रुचि वर्मा ▶▶ रायपुर

राजधानी में सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय की शुरुआत अंततः हो गई है। 1929 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना के 96 वर्षों बाद रायपुर को यह राहत मिली है। अब तक रायपुर सहित प्रदेशभर में संचालित सीबीएसई स्कूल भुवनेश्वर कार्यालय के अधीन थे। अंकसूची में एक अक्षर के सुधार के लिए भी छात्रों और पालकों को ओडिसा तक दौड़ लगानी पड़ती थी। ना केवल छात्र और पालक बल्कि स्कूलों को भी मान्यता सहित अन्य सभी तरह के कार्यों के लिए पड़ोसी राज्य जाना पड़ता था। अब इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नवीन कार्यालय रिंग रोड स्थित उद्योग भवन टॉवर में संचालित किया जा रहा है। 22 अगस्त से इसकी शुरुआत कर दी गई है।

छग के सभी सीबीएसई स्कूल अब रायपुर के इस क्षेत्रीय कार्यालय के ही अंतर्गत आएंगे। दो उप क्षेत्रीय कार्यालय भी शुरू किए गए हैं। शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर और सिक्किम के गंगटोक में उप क्षेत्रीय कार्यालय में कामकाज शुरू हो गया। वहीं त्रिपुरा के अगरतला स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय में 15 सितंबर से कामकाज शुरू होगा।

### अन्य राज्यों में भी स्थापना

रायपुर सहित सीबीएसई ने अलग-अलग राज्यों में छह नए क्षेत्रीय कार्यालय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और उप क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की घोषणा की है।

सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूल क्षेत्राधिकार के अनुसार संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शासित होंगे। इस संबंध में सीबीएसई ने अधिसूचना भी जारी की है। इससे छात्रों को सीबीएसई से जुड़े कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रायपुर ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ 1929 में हुई थी सीबीएसई की स्थापना, प्रत्येक कार्य के लिए जाना पड़ता था पड़ोसी राज्य




### 6 लाख छात्र

प्रदेश में 600 से अधिक सीबीएसई स्कूल हैं, जहां 6 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। इन्हें अब राहत मिलेगी।
- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष निजी स्कूल संघ

# महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर मुंबई-कोहिमा




**नई दिल्ली।** कोहिमा, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भारत में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर बनकर उभरे हैं, जबकि पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची इस मामले में सबसे निचले पायदान पर हैं। बृहस्पतिवार को जारी राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट एवं सूचकांक (एनएआरआई) 2025 तो कुछ यही बयां करता है। यह राष्ट्रव्यापी सूचकांक 31 शहरों की 12,770 महिलाओं पर की गई रायशुमारी पर आधारित है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा स्कोर 65 फीसदी रखा गया है और शहरों को उक्त मानक से 'काफी ऊपर', 'ऊपर', 'समान', 'नीचे' या 'काफी नीचे' श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

■ देश के सबसे असुरक्षित शहरों में पटना जयपुर, दिल्ली

### कार्यस्थल को मानती हैं सबसे सुरक्षित

सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 91 फीसदी महिलाएं कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन उनमें से लगभग आधी महिलाओं को यह स्पष्ट नहीं है कि उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच) नीति लागू है या नहीं। इसमें कहा गया है कि जिन महिलाओं ने कार्यस्थल पर पीओएसएच नीति होने की बात कही, उनमें से अधिकतर ने इन्हें प्रभावी माना।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जन धन खातों की संख्या 56.16 करोड़



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए खातों की संख्या 11 वर्ष में बढ़कर 56.16 करोड़ हो गई है। इन खातों में 2.68 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए। पीएमजेडीवाई के तहत खातों की संख्या मार्च 2015 के 14.72 करोड़ से बढ़कर 13 अगस्त 2025 तक 56.16 करोड़ हो गई है।

### इंडिगो की सूरत-दुबई उड़ान का मार्ग बदला

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत से दुबई जा रहे इंडिगो के एक विमान को तकनीकी खराबी आने पर अहमदाबाद में सुरक्षित उतार दिया गया। विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। सूरत हवाई अड्डे से सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उड़ान भरने वाला विमान मार्ग परिवर्तित होने के बाद अहमदाबाद में उतर गया।

पाकिस्तान से आतंकवादियों के घुसने की सूचना के बाद हाईअलर्ट

# बिहार में आतंकियों की सेंध, तीन घुसे, इधर, कश्मीर में तीन मारे गए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नेपाल के रास्ते तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के घुसने की सूचना मिलने के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला पुलिस को अलर्ट जारी किया है और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े इन आतंकवादियों के नाम और तस्वीरें भी जारी की हैं। आशंका है कि ये सभी नेपाल के रास्ते अररिया होते हुए बिहार पहुंचे हैं। बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने कहा, हां, पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिला पुलिस और बिहार पुलिस की कई अन्य शाखाओं को क्षेत्र में गश्त और तलाशी अभियान तेज करके राष्ट्र-विरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी और सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य में सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ प्रदेश में कड़ी निगरानी और सतर्कता बनाए रखने के कड़े निर्देश

*बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आतंकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को हाई अलर्ट जारी किया है। जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी, हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान, नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर चुके हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इधर, गुरुवार को राहुल गांधी की बिहार यात्रा में बदलाव किया गया।*

## बिहार पुलिस ने तीनों आतंकियों की जारी की तस्वीर

**यहां कड़ा पहरा :** महाबोधि मंदिर परिसर (बोधगया), विश्व शांति स्तूप (राजगीर), महावीर मंदिर और तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब (पटना) जैसे उन सभी स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, जहां पर्यटकों की आवाजाही अधिक होती है। इसके अलावा, राज्य के सभी हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**राहुल का रोड शो रद्द :** बिहार पुलिस के अलर्ट के बाद राहुल गांधी के शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया। मंदिर में दर्शन के बाद राहुल गांधी का रोड शो भी था, लेकिन वो कैंसिल कर दिया गया। वह अब बिहार में कहीं भी खुले जीप से रोड शो नहीं कर सकेंगे। साथ ही, उनके ठहराव स्थल को बदला गया है। बीते कुछ दिनों 18 से अधिक संदिग्ध नेपाल के जरिए बिहार में दाखिल हुए हैं।


हसनैन अली (रावलपिंडी, पाकिस्तान) | आदिल हुसैन (उमरकोट, पाकिस्तान) | मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर, पाकिस्तान)

### अगस्त के दूसरे सप्ताह में पहुंचे काठमांडू

आतंकियों की पहचान रावलपिंडी निवासी हसनैन अली, उमरकोट निवासी आदिल हुसैन और बहावलपुर निवासी मोहम्मद उस्मान के रूप में हुई है। तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू (नेपाल) पहुंचे थे। वहां से बीते सप्ताह बिहार में दाखिल हुए।

### कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में सुरक्षाबलों ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। सेना ने बताया कि इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरेज सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। सेना ने बताया कि घुसपैठ की कोशिश को भांपते हुए सतर्क जवानों ने घुसपैठियों को ललकारा। इसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने आगे कहा, जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रभावी ढंग से गोलीबारी की और दो आतंकवादियों को मार गिराया।

# कोरियाई कंपनियों को भाया छत्तीसगढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को सियोल में दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े व्यापार संगठन कोरिया इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन (किटा) के चेयरमैन जिन सिक युन और वाइस प्रेसिडेंट किम की ह्यून से मुलाकात की। 77 हजार से अधिक सदस्यों वाला यह संगठन एशिया का अग्रणी व्यापारिक मंच है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024–30, प्राकृतिक संसाधनों और कुशल मानव संसाधन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कोरियाई कंपनियां निवेश के लिए उत्साहित


बैठक के दौरान किटा के चेयरमैन जिन सिक युन और वाइस प्रेसिडेंट किम की ह्यून ने भी छत्तीसगढ़ की निवेश-अनुकूल नीतियों और संसाधनों में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोरियाई कंपनियाँ छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं और आने वाले समय में साझेदारी के ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### किसानों, मजदूरों, उद्यमियों को होगा लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस सहयोग से छत्तीसगढ़ के किसानों, श्रमिकों और स्थानीय उद्यमियों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, स्टील और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश से रोजगार के हजारों अवसर सृजित होंगे। साथ ही, तकनीकी हस्तांतरण से स्थानीय उद्योगों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न है, बल्कि यहाँ का युवा वर्ग मेहनती और कुशल है। कोरियाई कंपनियों के साथ जुड़कर उन्हें स्किलिंग और तकनीकी प्रशिक्षण के ▶▶ शेष पेज 5 पर

संघ प्रमुख की नसीहत

# तीन बच्चे पैदा करना चाहिए यह देश के लिहाज से ठीक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने देश की जनसंख्या का जिक्र करते हुए कहा कि पर्याप्त जनसंख्या के लिए परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए अगर तीन बच्चे होते हैं, तो माता-पिता और बच्चों सभी का स्वास्थ्य ठीक रहता है। देश के नजरिए से तीन बच्चे ठीक हैं। तीन से बहुत ज्यादा आगे बढ़ने की जरूरत नहीं है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संघ ने विभाजन रोकने की कोशिश की

भागवत ने कहा कि जब किसी ने गुरुजी (एम.एस. गोलवलकर) से पूछा कि क्या विभाजन होगा, तो संघ ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त संघ की ताकत बहुत कम थी। विभाजन के खिलाफ कोशिश की गई थी, और बीच में मिलने की कोशिश भी हुई, लेकिन अब कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि 'अखंड भारत' को ध्यान में रखना सिर्फ राजनीति नहीं है, बल्कि यह एक सच्चाई है। यह जिंदगी का एक फैक्ट है। यह भारत की वास्तविकता को दर्शाता है।

# चंदे की जांच से चुनाव आयोग का किनारा

**नई दिल्ली।** गुजरात में चुनाव लड़ने में फिसड्डी लेकिन चंदा लेने में अव्वल 10 गुमनाम राजनीतिक पार्टियों को मिले सवा चार हजार करोड़ से ज्यादा के चंदे की जांच से निर्वाचन आयोग ने हाथ खड़े कर दिए हैं। आयोग में उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक निर्वाचन आयोग के पास किसी राजनीतिक दल को प्राप्त चंदे के स्रोत या मात्रा की जांच करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। फिर चाहे वह मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या राज्य स्तरीय दल हो या पंजीकृत ▶▶ शेष पेज 5 पर




■ गुजरात की 10 गुमनाम पार्टियों के 4300 करोड़ फंड मामले में दी अपनी दलील

# नर्स की जगह गार्ड ने लगाया इंजेक्शन, सुरक्षा एजेंसी का ठेका समाप्त

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिला अस्पताल में नर्स की जगह गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। सीएमएचओ व सिविल सर्जन को शासन के नोटिस के बाद इस संदर्भ में आगे क्या कार्रवाई की जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कलेक्टर गरियाबंद को इस संदर्भ में जानकारी देने था। कलेक्टर की ओर से पेश शपथ पत्र में बताया गया कि गार्ड को इंजेक्शन लगाने के लिए किसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी या कर्मचारी द्वारा नहीं कहा गया था। गार्ड ने स्वयं ही इंजेक्शन लगा दिया है। लापरवाही के कारण गार्ड और सुरक्षा एजेंसी दोनों को हटा दिया गया है। हालांकि हाईकोर्ट इस जवाब से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ और सवाल किया कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। यह तो और बड़ी लापरवाही है कि स्वास्थ्य कर्मी नहीं बल्कि कोई बाहरी व्यक्ति इलाज कर रहा। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जिला अस्पताल में ऐसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ हाईकोर्ट में शासन ने पेश किया जवाब



ट्रंप टैरिफ का एक पहलू यह भी

# भारत से ही कई सामान खरीदेगा अमेरिका, नहीं है कोई विकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत पर अमेरिका शुल्क अब 50 फीसदी लग रहा है। ऐसे में भारतीय निर्यातक तनाव में हैं। इस बीच, एक अच्छी खबर यह है कि अमेरिका भारत से कुछ वस्तुओं की खरीदारी जमकर करने वाला है, क्योंकि अमेरिका के पास भारत से खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचता। अगर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कई उत्पादों पर टैरिफ नहीं

अमेरिका ने भारत के जिन उत्पादों को टैरिफ से छूट दे रखा है, उनमें फॉर्मा सेक्टर्स (दवाएं और उपकरण), इलेक्ट्रॉनिक्स (स्मार्टफोन्स और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स), अतिरिक्त ऊर्जा और नवीकरणीय उत्पाद जैसे पेट्रोलियम आदि टैरिफ से मुक्त हैं। कुछ उत्पादों पर सिर्फ 25 फीसदी ही टैरिफ लागू किया गया है, जिसमें लोहे-सीसे, एल्यूमिनियम, तांबे और उनके आउटपुट आदि शामिल हैं।



## चिंतन

# क्यों आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा सोना

पीली धातु यानि सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। महिलाओं में आभूषणों की चाहत की सबसे उपयोगी धातु आसमान पर पहुंच गई है। 28 अगस्त को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। सोना 622 रुपये बढ़कर 1,01,506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गया। इससे पहले 1,00,884 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 1,240 रुपये बढ़कर 1,17,110 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 थी। आम आदमी की पहुंच से सोने के फिसलने के एक नहीं अनेक कारण हैं। पहला कारण दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा तनाव है। इतिहास गवाह है कि जब भी दुनिया पर कोई मुसीबत आती है, सोने की कीमत तेजी से बढ़ने लगती है। जब दुनिया में डर का माहौल होता है, तो लोग सोना खरीदते हैं। सोने को एक सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। डिमांड बढ़ने से सोने की कीमत में तेजी आई है। दूसरा कारण है ग्लोबल इकोनॉमी की हालत। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ रही है। इससे दुनिया में मंदी की आशंका है। मंदी से बिजनेस प्रभावित होगा और इसलिए लोग सोना खरीद रहे हैं ताकि उनका पैसा सुरक्षित रहे। सोने में तेजी का एक बड़ा कारण महंगाई भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे महंगाई बढ़ना तय माना जा रहा है। सोना महंगाई से बचाता है। इसके अलावा दुनिया के अनेक बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिसके चलते उत्पादन से कहीं ज्यादा डिमांड हो गई है। चीन, भारत, तुर्की और पोलैंड जैसे देशों के सेंट्रल बैंक जमकर सोना खरीद रहे हैं। वे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि सोने का भंडार ज्यादा होने के बाद विश्व स्तर पर उनकी अहमियत बढ़ेगी, अमेरिका की डॉलर मोनोपोली पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। गोल्ड में उछाल का एक कारण डॉलर का कमजोर होना भी माना जा रहा है। जब डॉलर कमजोर होता है, तो विदेशियों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो जाता है। इससे सोने की मांग बढ़ जाती है। जब मांग बढ़ती है तो दाम उछलना स्वाभाविक है। इसके अलावा देशों के साथ-साथ आम आदमी भी सोने को सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहा है और बॉन्ड से भी ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। ऐसे में आम लोग सोना खरीद रहे हैं। इससे कीमतें बढ़ रही हैं। दुनिया भर में ब्याज दरें कम होना भी सोने के दाम बढ़ने का एक कारण है। बैंक में ब्याज कम हो रहा है। भारत में आरबीआई लगातार रेपो रेट में कटौती कर चुका है। भारत में कई बैंकों ने एफडी और सेविंग अकाउंट्स पर ब्याज दरों में कटौती की है। अमेरिका में भी फेड रिजर्व के आने वाले दिनों में ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद है। जब ब्याज दरें कम होती हैं, तो सोना रखने का फायदा बढ़ जाता है। आम निवेशक को लगता है कि सोना ब्याज से ज्यादा फायदा देगा। इसी चाह में सोने के दाम आसमान पर पहुंच रहे हैं। एक तरफ तो मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर सोने का उत्पादन लगातार कम हो रहा है। सप्लाई और मांग में अंतर से कीमतें बढ़ रही हैं। सोने की कीमत में ज्यादा गिरावट की संभावना आसपास नजर नहीं आ रही। अगर दुनिया में तनाव और बढ़ता है तो कीमतें कम होना तो दूर इसमें ज्यादा उछाल आ सकता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में दुनिया में परिस्थितियां कैसी रहती हैं।



समसामयिक
गौरव द्विवेदी

# टिकट टू बॉलीवुड

**फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई।**

हाल ही में कर्नाटक सरकार द्वारा सिनेमा की टिकट की अधिकतम क़ीमत 200 रुपये निर्धारित की गई। है ये एक अच्छी और स्वागत योग्य पहल जिससे लोगों को सस्ता मनोरंजन मिलेगा और फ़िल्म उद्योग को भी फ़ायदा होगा। ये एक सराहनीय पहल है! सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सुपरहिट फिल्में और दोबारा से रिलीज़ हुई फिल्में दर्शाती हैं कि दर्शक सिनेमा देखने के लिए तैयार हैं, लेकिन टिकट की कीमतें और करों का प्रभाव फिल्म उद्योग की आय पर पड़ता है। फिल्म उद्योग को अपनी टिकट की कीमतें निर्धारित करने में सावधानी बरतनी चाहिए और दर्शकों की संख्या और आय दोनों को संतुलित करने के लिए एक उपयुक्त टिकट मूल्य निर्धारण रणनीति अपनानी चाहिए। सिनेमा टिकट की कीमतें भारतीय फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही हैं। बढ़ती कीमतें दर्शकों की संख्या को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि कम कीमतें फिल्म उद्योग की आय को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 में, जब कई सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें बढ़ाईं, तो दर्शकों की संख्या में कमी आई। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन ने अपनी टिकट की कीमतें 20 प्रतिशत बढ़ाईं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में 15 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी ओर, जब कुछ सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें कम कीं, तो दर्शकों की संख्या में वृद्धि हुई। उदाहरण के लिए, एक सिनेमा हॉल ने अपनी टिकट की कीमतें 10 प्रतिशत कम कीं, जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों की संख्या में इजाफा देखने को मिला।

***अगर सिनेमा के धंधे को बढ़ाना है तो तीन चीज़ों पर ध्यान देने की ज़रूरत है-***

पहला टिकटों की क़ीमत कम हो और उसपर लगने वाला मनोरंजन कर तर्कसंगत हो।

दूसरा देश में इस समय 9742 सिनेमा स्क्रीन हैं जिसमें सैंतालिस प्रतिशत दक्षिण भारत में हैं लिहाज़ा देश के हर कोने में सिनेमा स्क्रीन का बढ़ना जरूरी है। फिक्की की रिपोर्ट के मुताबिक़ सिनेमा स्क्रीन की तादाद हर साल 4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है लेकिन अगर उसकी आप अमेरिका और चीन से तुलना करें तो काफ़ी कम है।

तीसरा तरीक़ा है जो काफ़ी हद तक कारगर हुआ है। वो है नैशनल सिनेमा डे का अवतरण! इस दिन सिनेमा के दाम पूरे देश में 99 रुपए कर दिए जाते हैं और जिसका असर दर्शकों की बढ़ती संख्या में देखने को मिला है।कई पुरानी फ़िल्में जैसे लैला मजनूं , तुम्बाड और सनम तेरी क़सम दोबारा रिलीज़ की गई और उन्होंने बॉक्स ऑफ़िस पर बंपर कमाई करी!

नेशनल सिनेमा डे कोरोना से निपटने के लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने सितंबर 2022 में मनाना शुरू किया। पिछले साल 20 सितंबर को नेशनल सिनेमा डे का असर ख़ासतौर



पर देखने को मिला।

2017 में रिलीज़ हुई बाहुबली 2 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 रुपए से 1,000 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

2016 में रिलीज़ हुई दंगल ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म की टिकट की कीमतें 150 रुपए से 500 रुपए तक थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1975 में रिलीज़ हुई शोले को हाल ही में 4के में दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 200 से 500 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे। फिल्म ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

1960 में रिलीज़ हुई मुगल-ए-आजम को भी दोबारा से रिलीज़ किया गया था। फिल्म की टिकट की कीमतें 100 से 300 रुपए तक थीं, और दर्शकों ने इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में टिकट खरीदे।

***अब बात भारत में मनोरंजन कर की जो राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है, और इसकी दरें राज्य से राज्य में भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए-***

महाराष्ट्र में मनोरंजन कर की दर 45 प्रतिशत है।

तमिलनाडु में मनोरंजन कर की दर 30 प्रतिशत है।

कर्नाटक में मनोरंजन कर की दर 22 प्रतिशत है।

दिसंबर 2018 में फिल्मों के लिए दो जीएसटी स्लैब घोषित किए गए थे। 100 रुपए तक के टिकट पर 12 फीसदी और इससे ज्यादा दाम के टिकट पर 18 फीसदी। लेकिन वर्तमान में लागू जीएसटी स्लैब के अनुसार, 100 रुपए तक के टिकट पर 18 प्रतिशत और अधिक महंगे टिकट पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है। यह जीएसटी परिषद द्वारा तय किया गया था, जिसका उद्देश्य फिल्म उद्योग और दर्शकों के हितों को साधना है।

अक्सर राज्यों से किसी फिल्म के टैक्स फ्री होने की खबरें आती हैं। दीपिका पादुकोण की फिल्म 'छपाक' को कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया वहीं अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजी: द अनसंग हीरो' को टैक्स फ्री कर दिया। इसके अलावा साबरमती रिपोर्ट, छावा, दंगल को भी कई राज्यों ने टैक्स फ्री किया।

***सवाल ये है कि फिल्म के टैक्स फ्री होने पर उसका टिकट कितना सस्ता हो जाता है?***

जीएसटी स्लैब दो हिस्सों में बांटा जाता है-एक हिस्सा राज्य सरकार का (स्टेट जीएसटी) और दूसरा केंद्र सरकार का (सेंट्रल जीएसटी) को होता है।

जब कोई राज्य किसी फिल्म को टैक्स फ्री घोषित करता है तो सिर्फ उसके खाते का टैक्स ही माफ होता है. इस तरह अगर टिकट 100 रुपए का है तो 6 फीसदी और टिकट 100 रुपए से अधिक का है तो 9 फीसदी टैक्स।

सिनेमा हॉल मालिकों का कहना है कि जीएसटी लागू होने से पहले फिल्म टैक्स फ्री किए जाने का बड़ा असर होता था।तब हर राज्य अलग-अलग दर से मनोरंजन टैक्स वसूला करता था, उस स्थिति में राज्य सरकार पूरा टैक्स माफ कर देती थी। पूरे सिनेमा के व्यापार का लब्बोलुबाब ये है कि 10-15 प्रतिशत की गति से सालाना बढ़ने वाला फिल्मों के कारोबार को और मजबूत करना है तो सिनेमा की टिकटों का दाम कम होना और देश में सिनेमा स्क्रीन की संख्या में इजाफा करना लाज़मी और वक़्त की ज़रूरत है।

*-लेखक फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं।*




रायसीना हिल
विवेक शुक्ला

# देश के अहम फैसलों की मूक गवाह हैं नॉर्थ-साउथ ब्लॉक

स्वतंत्र भारत की दो सबसे खास सरकारी इमारतों में शामिल साउथ-नॉर्थ ब्लॉक का अब संध्याकाल शुरू हो गया है। राजधानी के रायसीना हिल पर बने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का अहम हिस्सा रहे हैं। ये आइकॉनिक सचिवालय इमारतें भारतीय प्रशासन का केंद्र रही हैं, जो औपनिवेशिक और स्वतंत्र भारत के दौर में सत्ता और निरंतरता का प्रतीक बनीं। अब, जल्द ही ये दोनों इमारतें खाली होने वाली हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से कुछ सौ मीटर दूर बने नए एग्जीक्यूटिव एनक्लेव-1 में सितंबर 2025 तक शिफ्ट हो सकता है। वहीं, गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय लगभग पूरी तरह कर्तव्य भवन-3 में स्थानांतरित हो चुके हैं, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में किया था। बीते दौर के पन्नों को खंगालते हैं। अगस्त 1947 में जैसे-जैसे 15 अगस्त यानी देश की आजादी का दिन, नजदीक आ रहा था, राजधानी के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के कुछ कमरों की बत्तियां लगभग पूरी रात जलती रहती थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू अपने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में स्टाफ के साथ दिन-रात काम कर रहे होते थे ताकि आजादी और देश के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे सकें। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री सरदार पटेल देर रात तक काम करते थे ताकि 562 रियासतों को भारतीय संघ में सुचारू रूप से शामिल किया जा सके। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर ने अपनी शानदार किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में उन दिनों के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का बेहतरीन तरीके से वर्णन किया है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का केंद्र इसलिए रहे हैं क्योंकि ये देश के प्रशासनिक दिल की तरह काम करते हैं। साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय हैं, जबकि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय हैं। ये मंत्रालय आंतरिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक नियोजन तक, राष्ट्रीय नीतियों के अहम पहलुओं को देखते हैं, जिससे ये इमारतें सरकार के कामकाज के लिए अहम रही हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान साउथ ब्लॉक भारत का नर्व सेंटर बन गया था। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय थे। एक कमरे में 'वॉर रूम' बनाया गया था, जहां पूरे युद्ध की रणनीति और निगरानी होती थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की अहम बैठकें यहीं होती थीं। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व और मानेकशॉ की बेबाक सैन्य सलाह इन कमरों में गूंजती थी। हाल ही के ऑपरेशन सिंदूर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में भारत की रक्षा सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब इन दोनों में संग्रहालय बनेंगे। 1911 में राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित होने के बाद ब्रिटिश नौकरशाही के लिए बनाए गए ये ब्लॉक 1947 में स्वतंत्र भारत की सत्ता के केंद्र बन गए। विजय चौक पर हर साल होने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह, जो इन दोनों ब्लॉकों के बीच होता है, इनकी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अहमियत को और बढ़ाता है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत 2025 के अंत तक इन्हें संग्रहालय में बदलने की योजना है, लेकिन इनकी वास्तुशिल्प और ऐतिहासिक कीमत उन्हें हमेशा प्रिय बनाए रखेगी। संजय बारू अपनी किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में लिखते हैं, "1991 में भारत एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय में प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक ऐतिहासिक बजट तैयार किया, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बदल दिया। बजट पेश करने से पहले पूरी गोपनीयता बरती गई थी। जब डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में अपना भाषण खत्म किया, तो उन्होंने विक्टर ह्यूगो के शब्दों को उद्धृत किया: 'कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है।" इन शानदार इमारतों का निर्माण 1929 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ था। हर्बर्ट बेकर ने इनको डिजाइन किया था। वे चोटी के आर्किटेक्ट थे और नई दिल्ली के चीफ आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस के सहयोगी थे। हालांकि साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के ऑफिस जल्द ही दूसरी जगह शिफ्ट होंगे, एक चीज़ नहीं बदलेगी, बंदर। दशकों से, सैकड़ों बंदर इन ब्लॉकों के आसपास परेशानी का सबब बने हुए हैं। वे कर्मचारियों के हाथों से खाना छीन लेते हैं और कभी-कभी तो अहम फाइलें और दस्तावेज़ भी लेकर भाग जाते हैं। बहरहाल, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक सिर्फ़ पत्थर और ईंट की इमारतें नहीं हैं, बल्कि भारत के हर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव के मूक गवाह हैं।

(ये उनके अपने विचार हैं।)

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### राजनीति में आकर नेता अपने वादे भूल जाते हैं

अगर किसी को अमीर बनना है तो वो राजनीति में आ जाए। भीड़ में से एक इनसान को चुना जाता है ताकि वो लोगों की तकलीफों को दूर करे। लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि अपने वायदे भूल जाते हैं। हमारे देश भारत में राजनीति के नकारात्मक पहलू देखे जा सकते हैं। जो भी राजनीति में आता है, अमीर ही अमीर बनता जाता है।क्या नेता, लोगों की गरीबी को दूर करते-करते अमीर हो गए हैं या कुछ और? न्यूज चैनल वाले बताते हैं कि किस जगह का कौनसा नेता कितना अमीर है, कितनी संपत्ति है उसके पास। क्या इन लोगों को पता है कौन कितना गरीब होता जा रहा है, कितनों के पास दो टाइम का खाना नहीं है, कितने लोग बिना छत के हैं। जितनी सैलरी नेताओं को दी जाती है, उतनी अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को भी नहीं दी जाती है।

*- नरेन्द्र तिवारी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# विदेशी छात्रों का अमेरिका में रहना अब होगा सीमित



ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि प्रस्तावित नियम को अंतिम रूप दिया जाता है तो विदेशी छात्रों समेत कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित हो जाएगी। साल 1978 से, विदेशी छात्रों को 'एफ' वीजा के तहत अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाता रहा है। डीएचएस ने कहा कि अन्य वीजा के विपरीत एफ वीजा धारकों को बिना किसी अतिरिक्त जांच-पड़ताल के अनिश्चित समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति होती है। डीएचएस प्रवक्ता ने कहा, लंबे समय से, पिछले प्रशासनों ने विदेशी छात्रों और अन्य वीजा धारकों को अमेरिका में लगभग अनिश्चितकाल तक रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ है, करदाताओं के पैसे की भारी हानि हुई है, और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान हुआ है।प्रवक्ता ने कहा, यह नया प्रस्तावित नियम कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित कर इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

## ट्रेंड

### यूनिवर्सिटी विशेष बसें



आज से शुरू हुई 25 यूनिवर्सिटी विशेष बसें विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और समर्पित कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी। इन बसों का शेड्यूल कॉलेज टाइमिंग्स के साथ तालमेल में रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### तृणमूल छात्र परिषद



तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को बधाई। बंगाल को और भी उन्नत व मजबूत बनाने के लिए हमारे संघर्ष में वे भी शामिल हैं। मैं अपने युवा साथियों से कहना चाहती हूं, किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। अपना मस्तक ऊंचा करके जिएं।

**-ममता बनर्जी, सीएम, पं. बंगाल**

### किसान-व्यापारी बर्बाद होंगे



आज हमारा देश दो तरफ़ से मार खा रहा है। एक तरफ़ ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाकर हमारी इंडस्ट्री को खत्म करने की साज़िश की और दूसरी तरफ़ मोदी जी ने अमेरिका के माल पर टैरिफ ही हटा दिया। अब भारत का किसान और व्यापारी दोनों बर्बाद होंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### एसआईआर की जरूरत



झारखंड में 2019-24 के बीच मतदाता सूची में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के नाम जुड़े हैं। यहां एसआईआर की सख्त जरूरत है, राज्य सरकार को इस प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग करना चाहिए।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# 'महिमा मंडन जैसी कोई बात नहीं, हमने इतिहास को तोड़-मरोड़कर नहीं दिखाया'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनसीईआरटी की किताबों में संशोधन के बाद देश के इतिहास को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं। नई किताबों में इतिहास को तोड़-मरोड़ कर या सेलेक्टिव तरीके से इतिहास बताने को लेकर चर्चा हो रही है। इस बहस के बीच एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक समिति के प्रमुख प्रोफेसर मिशेल डैनिनो ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में अपनी बात रखी। डैनिनो ने बताया कि हमनें इतिहास को यथासंभव ईमानदारी से दिखाने की कोशिश की है। इतिहास को हमेशा साफ-सुथरा रखा गया है। हम इतिहास को वैसा ही दिखा रहे हैं जैसा वह घटित हुआ था। इसमें महिमामंडन जैसी कोई बात नहीं कर रहे हैं। डैनिनो ने बताया कि अक्टूबर में नई पार्ट-2 किताबों का प्रकाशन होगा। कक्षा 7 भाग 2, पार्ट - 1 से जुड़ने के लिए 1200 ई. में समाप्त होगा। वहीं कक्षा 8 भाग- 2 भारत की स्वतंत्रता पर समाप्त होगा।


### एजेंडा चलाने के आरोप को किया खारिज

विपक्षी दलों और कई शिक्षाविदों ने एनसीईआरटी पर राजनीतिक या वैचारिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाया है। इसे डैनिनो ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह तर्क कि एनसीईआरटी आरएसएस या हिंदुत्व का एजेंडा चला रहा है, बेहद मूर्खतापूर्ण है।

### मुगलकालीन इतिहास से कोई छेड़छाड़ नहीं

डैनिनो ने कहा कि मुगल काल और इस्लामी शासकों के इतिहास में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसे कतई तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया गया है, बल्कि इस इतिहास को नए तरीके से पुनर्गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने मुगलों को एक थीम के हिस्से के रूप में दिखाया है, ताकि कई अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को भी इसमें शामिल किया जा सके। क्योंकि कई लोगों का मानना था कि अंग्रेजों ने भारत पर राज करने के लिए मुगलों को हराया था, लेकिन ऐसा नहीं था। अंग्रेजों के आने से पहले कई भारतीय शासकों ने मुगलों का विरोध किया था।

## अक्टूबर में नई पार्ट-2 किताबों का होगा प्रकाशन




### बदलाव के लिए कोई मजबूर नहीं कर सकता

डैनिनो ने कहा कि भारत सरकार, भाजपा या कोई भी राजनीतिक दल एनसीईआरटी को उसके पाठ्यक्रम संशोधन के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि हमें विभिन्न माध्यमों से विधायकों, सांसदों और मंत्रियों से अपने क्षेत्रीय नायकों को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में शामिल करने के लिए अनुरोध मिलता है। हमें साफतौर पर मना कर देते हैं और कहते हैं कि यह संभव नहीं है। हमने इतिहास के काले अध्यायों पर एक नोट लिखा है ताकि यह दर्शाया जा सके कि जब विदेशी शासक भारत में आए तो क्रूरता बढ़ी। यहां तक कि यूनानी विद्वान भी यही कहते हैं।

### किताब में शामिल किया गया है दिशा-निर्देश

सामाजिक विज्ञान की किताब में दिल्ली सल्तनत से ब्रिटिश साम्राज्य की शुरुआत तक के समयकाल के बारे में बताया गया है। इस समय को किताब में इतिहास का काला अध्याय करार दिया गया है, जिसमें युद्ध, उत्पीड़न, धार्मिक कट्टरता और खून बहाने की घटनाओं की भरमार रही। हालांकि, किताब में एक नोट भी लगाया गया है, जिसमें कहा गया है कि इतिहास के काले अध्याय को बिना किसी दुराग्रह के पढ़ा जाना जरूरी है, वह भी आज के समय में किसी को दोष दिए बिना, ताकि इतिहास की गलतियों को सुधारा जा सके।

### विभाजन पर दी जाएगी जानकारी

किताब में सावरकर जैसे शख्सियत को शामिल करने को लेकर डैनिनो ने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि हम विभाजन के बारे में विभिन्न विचार प्रस्तुत करेंगे कि विभाजन कैसे हुआ, क्यों हुआ, इसके क्या कारण थे? क्या विभाजन टाला जा सकता था? विभाजन को लेकर सुभाष चंद्र बोस, गांधी और सभी ने विभाजन के बारे में अलग-अलग विचार रखे थे।

### विपक्ष का आरोप- इतिहास से जानबूझकर छेड़छाड़

विपक्षी दलों ने एनसीआरटी के इस बदलाव को छेड़छाड़ करार दिया है। इसमें विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना के साथ-साथ कांग्रेस को भी ठहराया गया है। इस पर विपक्ष का कहना था, यह इतिहास में राजनीतिक दखलअंदाजी है इसे बंद किया जाना चाहिए यह सही नहीं है। यह खतरनाक प्रवृत्ति है, इससे बचा जाना चाहिए। भारत के विभाजन में अंग्रेजों की भूमिका और उस समय की राजनीतिक परिस्थितियों को सच्चाई से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने ही हमें बर्बाद किया। भारत के विभाजन की मांग कैसे उठी थी,क्यों उठी थी, और यह तथ्य बना रहना चाहिए। लेकिन इसमें राजनीति लाना और राजनीतिक दुराग्रह के आधार पर किसी को जिम्मेदार बताना गलत है।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन मनी गेम्स बैन को कोर्ट में चुनौती



**बेंगलुरू।** भारत में ऑनलाइन गेमिंग कंपनी A23 ने केंद्र सरकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाने वाले नए कानून को कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी है। यह पहला मामला है जिसमें इस कानून के खिलाफ अदालत में चुनौती दी गई है। इस कानून के चलते लोकप्रिय ऑनलाइन गेमिंग प्रतियोगिताओं को अचानक बंद करना पड़ा और उद्योग के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे। हाल ही में संसद ने 'ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन विधेयक, 2025' पारित किया, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद अब एक कानून का दर्जा प्राप्त हो चुका है।

### पार्षद हत्या मामले में मिली अरुण गवली को जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक पार्षद की हत्या से जुड़े मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे अरुण गवली को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने गवली की सजा की लंबी अवधि को देखते हुए यह फैसला लिया। गैंगस्टर से नेता बना गवली 2007 में मुंबई के शिवसेना (अविभाजित) पार्षद कमलाकर जामसांडेकर की हत्या से जुड़े मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि गवली 17 साल से अधिक समय से जेल में है और उसकी अपील उसके समक्ष लंबित है। पीठ ने कहा, 'याचिकाकर्ता 17 साल और तीन महीने से जेल में है।

### एटीएम मशीन में छेड़छाड़, 3 गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में एटीएम मशीन में छेड़छाड़ करके और लोगों को बहकाकर उनके डेबिट कार्ड से रुपये निकालने वाले तीन शातिर जालसाजों को एसटीएफ ने बुधवार को मड़ियांव इलाके से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 39 डेबिट कार्ड, दो मोबाइल फोन और 6510 रुपये बरामद हुए हैं। एएसपी एसटीएफ अमित कुमार नागर ने बताया कि लगातार इस बात की शिकायत मिल रही थी कि जालसाज एटीएम मशीनों में छेड़छाड़ करके ठगी कर रहे हैं।

## बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग फाइनल!

# जदयू 102, भाजपा 101 सीट पर लड़ेगी चुनाव, चिराग की एलजेपी को 20 सीट!

*बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन का सीट बंटवारा फाइनल हो गया और अब करीब-करीब स्थिति पूरी तरह से साफ हो गई है। दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बैठक के बाद गठबंधन दलों ने सीटों के विभाजन पर अंतिम सहमति बना ली है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जदयू 102 सीटों और भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) यानी एलजेपी (आर) को 20, जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (एचएएम) और उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को 10-10 सीटें मिली हैं। फिलहाल सीटों के बंटवारे को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। संभावना जताई जा रही है कि एनडीए जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है। हालांकि कौन सी पार्टी किन सीटों पर लड़ेगी, इस पर मंथन चल रहा है। इस दौरान जदयू और भाजपा में 1-2 सीटों का अंतर हो सकता है। करीब दो महीने पहले ही ये खबरें आई थीं कि इस बार भी बीजेपी, जदयू से कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी और ताजा जानकारियां इसी बात की पुष्टि कर रही हैं।

इस साल के आखिर में होने हैं राज्य में विधानसभा चुनाव

सितंबर अंत या अक्टूबर शुरुआत में होगा चुनाव तिथि का ऐलान



### 2020 चुनाव में यह था सीट गणित

2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं, जबकि जदयू ने 115 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 जीत दर्ज की। इस बार जदयू 102 और भाजपा 101 सीटों से चुनाव लड़ेंगी। वहीं लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 17, जदयू ने 16, एलजेपी ने 5 और जीतन राम मांझी की एचएएम और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम ने एक-एक सीट पर चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जेडीयू से एक सीट ज्यादा लड़ी थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में जदयू को भाजपा से 1-2 सीटें ज्यादा मिल सकती हैं।

### यह है एनडीए की रणनीति

एनडीए इस बार छोटे दलों को भी मजबूती से साथ रखना चाहता है। यही वजह है कि एलजेपी (रामविलास) को 20 सीटें, जबकि एचएएम और आरएलएम को 10-10 सीटें दी जा रही हैं। पिछली बार मांझी की पार्टी को सिर्फ 7 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार उनकी ताकत को देखते हुए उन्हें ज्यादा महत्व दिया जा रहा है।

### चुनाव तारीखों के बाद होगा ऐलान

सूत्रों के अनुसार, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन चुकी है, लेकिन औपचारिक ऐलान चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद ही होगा। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की घोषणा सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले हफ्ते में कर सकता है।

### नीतीश की अगुवाई में लड़ा जाएगा चुनाव

सूत्रों के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की अगुवाई में लड़ा जाएगा। अगर एनडीए चुनाव जीतता है तो नीतीश कुमार ही ये तय करेंगे कि आगे की रणनीति क्या होगी। सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम निर्णय वे स्वयं लेंगे।

### इंडिया ब्लॉक ने भी शुरू की तैयारियां

वहीं, दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन (जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं) ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के खिलाफ जनजागरूकता अभियान शुरू किया है।

# बंगाल में भी एसआईआर की तैयारी शुरू, चुनाव आयोग ने लिखा पत्र

### बिहार में एसआईआर को लेकर मचा है घमासान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच चुनाव आयोग बंगाल में एसआईआर करवाने की तैयारी शुरू कर चुका है। चुनाव आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओएस) को आवश्यक नियुक्तियां करने सहित इस प्रक्रिया की तैयारियां तेज करने को कहा है। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने 27 अगस्त को इस संबंध में सभी राज्य डीईओएस को एक पत्र भेजा है। सूत्रों के अनुसार मनोज अग्रवाल ने 26 अगस्त को मुख्य सचिव मनोज पंत को एक अलग पत्र भेजा है। इसमें सरकार से निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओएस) और सहायक ईआरओ (एईआरओएस) के सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने का अनुरोध किया गया है ताकि चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण की घोषणा होने पर इसे पूरा कर सके। बंगाल में मार्च-अप्रैल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### 'जब तक मैं जिंदा हूं, मताधिकार नहीं छीनने दूंगी'

बिहार के बाद अन्य राज्यों में गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सियासी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष इसे लेकर लगातार मोदी सरकार और चुनाव आयोग का विरोध कर रहा है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने खुले शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की एक रैली में दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से पश्चिम बंगाल में 500 से ज्यादा टीमें तैनात की हैं। चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने लोगों से कहा, अब आपको खुद जांच करनी होगी कि आपका नाम अभी भी मतदाता सूची में है या कट गया है। उन्होंने आगे कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी।



# 'राष्ट्रपति-राज्यपाल के फैसलों पर याचिका दायर नहीं कर सकते राज्य'

**केंद्र सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में दलील**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि राज्य सरकारें उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका (मामला) नहीं कर सकतीं जो राष्ट्रपति या राज्यपाल ने विधानसभा से पास हुए विधेयकों पर लिया हो, चाहे राज्य यह कहे कि इससे लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।



केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह बात चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के सामने कही। संविधान पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल थे। मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति इस बात पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति यह भी जानना चाहती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 361 का दायरा क्या है। यह अनुच्छेद कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अधिकारों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं होंगे।

### राज्यपाल का छह महीने तक विधेयक लंबित रखना सही नहीं : सीजेआई

सुनवाई के दौरान, सीजेआई गवई ने कहा कि राज्यपाल का किसी विधेयक को छह महीने तक लंबित रखना सही नहीं है। मेहता ने जवाब में कहा कि अगर एक सांविधानिक संस्था अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करती, तो इसका मतलब यह नहीं कि कोर्ट दूसरी सांविधानिक संस्था को आदेश दे। इस पर सीजेआई ने कहा, लेकिन अगर यह अदालत ही किसी मामले को 10 साल तक नहीं सुलझाए, तो क्या राष्ट्रपति को कोई आदेश देने का हक होगा? सुनवाई अभी जारी है। सुप्रीम कोर्ट अभी राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए उस सांविधानिक संदर्भ पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें पूछा गया है कि क्या अदालत राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकती है कि वे विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर तय समयसीमा में निर्णय लें?







## ब्रिटिश ऑर्मी ने उठाया हैरान करने वाला कदम, दुनिया भर में हो रही चर्चा

# आपके दांत साफ नहीं है,173 जवानों को नौकरी से निकाला!

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटिश ऑर्मी ने अपनी सेना में भर्ती होने वाले 173 नए सैनिकों को नौकरी से निकाल दिया। इसके पीछे की वजह जानकर आप हैरान हो जाएंगे। इतनी बड़ी संख्या में सोल्जर्स को निकालने के पीछे की वजह बताते हुए ब्रिटिश ऑर्मी ने बताया कि इन सोल्जर्स के दांतों में खराबी थी। ब्रिटिश ऑर्मी ने कहा कि जो लोग अपने दांतों की ठीक से देखभाल नहीं कर पाते हैं वो ऑर्मी के जरूरी अभियानों की जिम्मेदारी कैसे निभा पाएंगे? डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश ऑर्मी ने नए सैनिक बनकर देश की सेवा की इच्छा रखने वाले ऐसे कुछ लोगों को नौकरी से निकाल दिया जिनके दांतों में खराबी थी। बीते 4 सालों में ब्रिटिश ऑर्मी ने ऐसे 173 नए सैनिकों को बाहर का रास्ता दिखाया है।



### डेंटल हेल्थ भी महत्वपूर्ण मानदंड

आपको बता दें कि अब ब्रिटिश सेना में भर्ती की प्रक्रिया में सिर्फ फिजिकल फिटनेस ही नहीं, बल्कि डेंटल हेल्थ भी एक महत्वपूर्ण मानदंड बनती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन अभ्यर्थियों के दांतों में गंभीर सड़न, संक्रमण या मसूड़ों की बीमारी पाई गई, उन्हें सेना में भर्ती के बाद बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। सेना का तर्क है कि जो 'सैनिक अपने दांतों की देखभाल नहीं कर सकते, वे हाई-प्रेशर और चुनौतीपूर्ण सैन्य अभियानों की जिम्मेदारी कैसे संभाल पाएंगे?'

### रद्द कर दी गई 47000 सैनिकों की भर्ती

ब्रिटिश डिफेंस मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक ये सभी सैनिक उन 47,000 सैनिकों में शामिल थे जिनकी भर्ती चिकित्सा आधार पर रद्द की गई थी। जून में आए आंकड़ों में बताया गया है कि 26 हजार सैनिकों के दांतों की सड़न और मसूड़ों की बीमारी की वजह से उन्हें दांतों के इलाज की जरूरत थी। ब्रिटिश डेंटल एसोसिएशन के मुताबिक इराक और अफगानिस्तान में युद्ध की तुलना में ज्यादा सैनिक दांतों की बीमारियों की वजह से अपना काम ठीक से नहीं कर पाए थे।

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुंदल हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल
शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी




## वैभव सूर्यवंशी
### आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

## तन्वी पत्री
### बैडमिंटन में बढ़ती पहचान

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था।




13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, यहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इससे बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी टैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगदू में चेंगदू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *

## लव-कुश
### देश के सबसे नन्हे पहलवान

**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *



## धिनिधि देसिंघु
### लहरों से खेलने वाली लड़की



**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *

# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात
मोनिका शर्मा



खेलना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉश्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारे डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# जुगनू जैसी चमकती कहानियां

बच्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब :** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक :** विज्ञान भूषण
**मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली


बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते** हैं घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।
2. **न ही** लू है गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।
3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

# साइकिल रेस

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।





कहानी
पूनम पांडे

बार-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

कविता
डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव



## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।



## जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
